**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

2. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

Roll No. | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.______________________

(In words)

**Test Booklet No.**

**D-0109**

Time : **2 1/2** hours] **PAPER-III** [Maximum Marks : **200**

# PAPER-III
# ECONOMICS

Number of Pages in this Booklet : **40** Number of Questions in this Booklet : **26**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. Answer to short answer/essay type questions are to be given in the space provided below each question or after the questions in the Test Booklet itself.

   **No Additional Sheets are to be used.**
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
4. Read instructions given inside carefully.
5. One page is attached for Rough Work at the end of the booklet before the Evaluation Sheet.
6. If you write your name or put any mark on any part of the Answer Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
7. You have to return the test booklet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
8. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
9. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. लघु प्रश्न तथा निबंध प्रकार के प्रश्नों के उत्तर, प्रत्येक प्रश्न के नीचे या प्रश्नों के बाद में दिये हुए रिक्त स्थान पर ही लिखिये ।

   **इसके लिए कोई अतिरिक्त कागज का उपयोग नहीं करना है ।**
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
4. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
5. उत्तर-पुस्तिका के अन्त में कच्चा काम (Rough Work) करने के लिए मूल्यांकन शीट से पहले एक पृष्ठ दिया हुआ है ।
6. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे ।
7. आपको परीक्षा समाप्त होने पर उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और इसे परीक्षा समाप्ति के बाद अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें ।
8. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें ।**
9. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**

**ECONOMICS**

**(अर्थशास्त्र)**

**PAPER-III**

**प्रश्न-पत्र-III**

**Note :** This paper is of **two hundred (200)** marks containing **four (4)** sections. Candidates are required to attempt the questions contained in these sections according to the detailed instructions given therein.

**नोट :** यह प्रश्नपत्र **दो सौ (200)** अंकों का है एवं इसमें **चार (4)** खंड हैं । अभ्यर्थियों को इनमें समाहित प्रश्नों का उत्तर अलग दिये गये विस्तृत निर्देशों के अनुसार देना है ।

## SECTION-I
## खण्ड-I

**Note :** Answer the **five** questions from the para given below. Each answer should not exceed **30** words. Each question carries **five** marks. **(5 × 5 = 25 Marks)**

**नोट :** नीचे दिए परिच्छेद से **पाँच (5)** प्रश्नों का उत्तर दीजिए । प्रत्येक उत्तर **तीस (30)** शब्दों का होना चाहिए । प्रत्येक प्रश्न के **पाँच (5)** अंक हैं । **(5 × 5 = 25 अंक)**

In 1817 Ricardo published his "Principles of Political Economy and Taxation", in which he presented the law of comparative advantage. According to the law of comparative advantage, even if one nation is less efficient than (has an absolute disadvantage with respect to) the other nation in the production of both commodities, there is still a basis for mutually beneficial trade. The first nation should specialise in the production of and export the commodity in which its absolute disadvantage is smaller (this is the commodity of its comparative advantage) and import the commodity in which its absolute disadvantage is greater (this is the commodity of its comparative disadvantage). Suppose U.K. has an absolute disadvantage in the production of both wheat and cloth with respect to the United States. Since U.K. labour is half as productive in cloth but six times less productive in wheat with respect to the United States, the United Kingdom has a comparative advantage in cloth. On the other hand, the United States has an absolute advantage in both wheat and cloth with respect to the United Kingdom, but since its absolute advantage is greater in wheat than in cloth, the United States has a comparative advantage in wheat. There are many exceptions to the law of comparative advantage. The theory of comparative advantage need not be based on the labour theory of value but can be explained on the basis of the opportunity cost theory (which is acceptable). It was left for Haberler in 1936 to explain or base the theory of comparative advantage on the opportunity cost theory.

वर्ष 1817 में, रिकार्डो ने अपनी पुस्तक, 'प्रिंसीपल्स ऑफ पोलीटिकल इकोनोमी एण्ड टैक्सेशन' प्रकाशित की, जिसमें उसने तुलनात्मक लाभ का नियम प्रस्तुत किया । तुलनात्मक लाभ के नियम के अनुसार, दोनों वस्तुओं के उत्पादन में, चाहे एक राष्ट्र दूसरे की तुलना में कम कुशल है ( के सम्बन्ध में निरपेक्ष अ-लाभ है), फिर भी पारस्परिक रूप से लाभदायी व्यापार के लिये आधार रहता है । पहले राष्ट्र को उस वस्तु के उत्पादन में विशिष्टीकरण प्राप्त करना चाहिए और निर्यात करना चाहिए जिसमें उसे निरपेक्ष अ-लाभ तुलनात्मक रूप से कम है (यह उसके तुलनात्मक लाभ की वस्तु है), और उस वस्तु का आयात करना चाहिए जिसमें उसका निरपेक्ष अ-लाभ तुलनात्मक रूप से अधिक है (यह वस्तु उसके तुलनात्मक अ-लाभ की है) । मान लो, कपड़े और गेहूँ दोनों के उत्पादन में यू.के. को यू.एस.ए. की तुलना में निरपेक्ष अ-लाभ होता है । क्योंकि, यू.एस.ए. की तुलना में, यू.के. के श्रम कपड़े में आधा उत्पादक है परन्तु गेहूँ में छ: गुना कम उत्पादक है, तो यूनाइटेड किंगडम को कपड़े में तुलनात्मक लाभ होता है । इसके दूसरी ओर, यू.एस. को यू.के. की तुलना में गेहूँ और कपड़े दोनों में निरपेक्ष लाभ होता है, परन्तु क्योंकि कपड़े की तुलना में गेहूँ में ज्यादा निरपेक्ष लाभ होता है, यू.एस. को गेहूँ में तुलनात्मक लाभ होता है । तुलनात्मक लाभ के नियम के कई अपवाद हैं । तुलनात्मक लाभ सिद्धान्त को, मूल्य के श्रम सिद्धान्त पर आधारित होने की आवश्यकता नहीं है, परन्तु यह अवसर लागत (जो स्वीकार्य है) के आधार पर स्पष्ट किया जा सकता है । यह कार्य हैबरलर के ऊपर आन पड़ा और उसने 1936 में, तुलनात्मक लाभ के सिद्धान्त को अवसर लागत सिद्धान्त पर आधारित किया या उसके आधार पर स्पष्ट किया ।

1. Explain the law of comparative costs.

   तुलनात्मक लागतों के नियम की व्याख्या कीजिए ।

2. How do you explain U.K's absolute advantage in the production of both commodities ?

आप किस प्रकार दोनों वस्तुओं के उत्पादन में यू.के. के निरपेक्ष लाभ को स्पष्ट करते हैं ?

3. What are the exceptions of the law of comparative cost ?

तुलनात्मक लागतों के नियम के अपवाद क्या हैं ?

4. How do you explain the gains from trade ?

आप किस प्रकार व्यापार से लाभों की व्याख्या करते हैं ?

5. How do you explain comparative advantage theory on the basis of opportunity cost theory ?

किस प्रकार आप अवसर लागत सिद्धान्त के आधार पर तुलनात्मक लाभ के सिद्धान्त को स्पष्ट करेंगे ?

## SECTION-II

## खण्ड-II

**Note :** This part has **fifteen (15)** definitional questions of **five (5)** marks each to be answered in upto **thirty (30)** words. **(15 × 5 = 75 Marks)**

**नोट :** इस खंड में **पंद्रह (15)** परिभाषी प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **पाँच (5)** अंक हैं । प्रत्येक का उत्तर **तीस (30)** शब्दों में दीजिए । **(15 × 5 = 75 अंक)**

6. Define the Neumann-Morgenstern (N-M) utility index.

न्युमैन-मॉर्गन्स्टर्न (N-M) उपयोगिता सूचकांक की परिभाषा दीजिए ।

7. What is meant by 'Pareto Optimality' ?

'पैरेटो इष्टतमता' का क्या अभिप्राय है ?

8. Explain the concept of Aggregate Demand.

सम्मुचित मांग की अवधारणा को स्पष्ट करिए ।

9. What does Fleming-Mundell open economy model explain ?

फ्लेमिंग-मुंडेल खुली अर्थव्यवस्था मॉडल क्या स्पष्ट करता है ?

10. Distinguish between disembodied technical progress and embodied technical progress.

अ-सन्निहित तकनीकी प्रगति और सन्निहित प्रगति के बीच अन्तर करिये ।

11. Explain the labour-supply function as given in Ranis-Fei model.

रेनिस - फी मॉडल में दिए गए श्रम-आपूर्ति फलन को स्पष्ट करिए ।

12. Explain Wagner's law of public expenditure.

वेगनर का सार्वजनिक व्यय नियम स्पष्ट करिए ।

13. Distinguish between Multilateral Trade Agreements and Plurilateral Trade Agreements.

बहुपक्षी व्यापार समझौते और अनेकपक्षी व्यापार समझौतों के बीच अन्तर करिए ।

14. What do you mean by an 'Expansionary Monetary Policy' ?

'विस्तारक मौद्रिक नीति' से आप क्या समझते हैं ?

15. List the major implications of economic reforms for industrial growth in India.

भारत में औद्योगिक संवृद्धि के लिए आर्थिक सुधारों के मुख्य निहितार्थों को सूचीबद्ध करिए ।

16. Differentiate between ‘gross and net reproduction rate’ of population.

जनसंख्या की ‘सकल और निवल प्रजनन दर’ के बीच अन्तर कीजिए ।

17. How microplanning for environment leads to eco-preservation ?

पर्यावरण के लिए व्यष्टि नियोजन किस प्रकार पारिस्थितिकी - संरक्षण की ओर अग्रसर करता है ?

18. What are the main causes of regional disparities in Indian agriculture ?

भारतीय कृषि में प्रादेशिक असमानताओं के मुख्य कारण क्या हैं ?

19. What is meant by level of significance ?

'सार्थकता स्तर' का अर्थ क्या है ?

20. Point out the difference between static input-output and dynamic input-output models.

स्थैतिक इनपुट-आऊटपुट और गतिशील इनपुट-आऊटपुट मॉडलों के बीच अन्तर बताइये ।

## SECTION-III

## खण्ड-III

**Note :** This Section has **five (5)** short-essay type questions of **twelve (12)** marks each to be answered in upto **(200)** words. The candidate may select **one** elective and answer all **five (5)** questions. **(5 × 12 = 60 Marks)**

**नोट :** इस खण्ड में **बारह-बारह (12-12)** अंकों के **पाँच (5)** लघु-निबंध प्रकार प्रश्न हैं । प्रत्येक का उत्तर लगभग **दो सौ (200)** शब्दों में अपेक्षित है । अभ्यर्थी को केवल **एक** विकल्प का चयन करते हुए उसके सभी **पाँचों (5)** प्रश्नों के उत्तर देने हैं । **(5 × 12 = 60 अंक)**

### Elective-I

### विकल्प-I

21. State and explain the properties of Least Square Estimation as given in the 'Gauss-Markow Theorem'.

    'गॉस-मारको प्रमेय' में दिए न्यूनतम वर्ग आकलन के गुणधर्म बताइये और उनकी स्पष्ट व्याख्या कीजिए ।

22. Discuss the nature of heterosedasticity. What are its consequences and remedial measures ?

    विषमविसारिता की प्रकृति की विवेचना कीजिए । उसके परिणाम और उपचारी उपाय क्या होते हैं ?

23. Develop a simultaneous equation model for the supply of and demand for doctors in India. Specify the endogenous and exogenous variables in the model.

    भारत में डॉक्टरों के लिए मांग और उनकी आपूर्ति के लिये सहकालिक-समीकरण मॉडल तैयार करिये । मॉडल में अंतर्जात और बहिर्जात चरों को एक-एक करके बताइये ।

24. What are the different models of Time Series ? Explain any one of them in detail.
समय-सारिणियों के विभिन्न मॉडल क्या हैं ? उनमें से किसी एक को विस्तार से स्पष्ट करिये ।

25. Show that the simple regression line of y against $x$ coincides with the simple regression line of $x$ against y if and only if $x^2 = 1$.
दर्शाइये कि $x$ के विरुद्ध y की सरल प्रतिगमन रेखा, y के विरुद्ध $x$ की सरल प्रतिगमन रेखा से मेल खाती है सिर्फ यदि $x^2 = 1$ है ।

**OR / अथवा**

**Elective-II**
**विकल्प-II**

21. Derive the demand curve for a 'Giffen good' by using the indifference curve analysis.
अनाधिमान वक्र विश्लेषण का उपयोग करते हुए 'गिफिन वस्तु' के लिए मांग वक्र बनाइये ।

22. Discuss Chamberlin's solution for the problem of profit-maximisation under non-price competition.
गैर-कीमत प्रतिस्पर्धा के अंतर्गत लाभ-अधिकतमीकरण की समस्या के लिए चैम्बरलिन समाधान की विवेचना कीजिए ।

23. Why does 'Knife-edge problem' arise in Harrod-Domar model ? How has this problem been circumvented in the subsequent growth analysis ?
हैरोड-डोमर मॉडल में 'छुरी-धार समस्या' क्यों उत्पन्न होती है ? अनुवर्ती संवृद्धि विश्लेषण में यह समस्या किस प्रकार दूर हो गई ?

24. What is meant by dynamic multiplier ? In what why is it different from static multiplier ?
गत्यात्मक गुणक का क्या अर्थ है ? स्थैतिक गुणक से यह किस तरह से भिन्न है ?

25. Discuss Kaldor's model of economic growth.
आर्थिक संवृद्धि के काल्डर मॉडल की विवेचना कीजिए ।

**OR / अथवा**

## Elective-III

## विकल्प-III

21. Discuss the factors responsible for the rise and fall of the Bretton Woods system.

बेट्टन वुड्स व्यवस्था के उतार और चढ़ाव के लिए जिम्मेदार कारकों की विवेचना कीजिए ।

22. Explain multilateral trade agreements regarding Trade Related Investment Measures (TRIMs), Trade Related Intellectual Property Rights (TRIPs) and anti-dumping.

व्यापार सम्बद्धित निवेश उपायों (TRIMs) व्यापार सम्बद्धित बौद्धिक सम्पदा अधिकार (TRIPs) और एंटी-डंपिंग से जुड़े बहुपक्षी व्यापार समझौतों की स्पष्ट रूप से व्याख्या करिये ।

23. What do you mean by 'regional trading blocks' ? Explain the impact of regional economic groupings on trade prospects of developing economies.

'प्रादेशिक व्यापार खंडों' से आप क्या समझते हैं ? विकासोन्मुख देशों के व्यापार की भावी प्रत्याशाओं पर प्रादेशिक आर्थिक समूहीकरण के प्रभाव की व्याख्या करिए ।

24. Discuss the international debt problem of the developing economies in 1980s. Explain the factors responsible for the rise of the said problem.

1980 के दशक में विकासोन्मुख देशों की अंतर्राष्ट्रीय ऋण समस्या की विवेचना कीजिए । इस समस्या के उभार के लिए जिम्मेदार कारकों की व्याख्या कीजिए ।

25. Distinguish between 'Spot and Forward Exchange' markets. Explain 'Interest Arbitrage' and the efficiency of 'Foreign Exchange Markets'.

'हाजिर एवं वायदा विनिमय बाजारों' के बीच अन्तर कीजिए । 'ब्याज अंतर-पणन' और 'विदेशी विनिमय बाजारों की क्षमता' की व्याख्या कीजिए ।

**OR / अथवा**

## Elective-IV

## विकल्प-IV

21. Discuss the productivity trends in major food grain crops in India after the introduction of economic reforms. Explain the factors that account for these trends.

भारत में आर्थिक सुधारों को प्रारम्भ करने के बाद मुख्य खाद्यान्न फसलों की उत्पादकता की प्रवृत्तियों की विवेचना कीजिए । उन कारकों की व्याख्या कीजिए जो इन प्रवृत्तियों के लिए जिम्मेदार हैं ।

22. What are the factors responsible for instability of farm incomes in India ? What corrective measures, in your opinion, can be adopted to this effect ?

भारत में कृषि से होने वाली आय की अस्थिरता के लिए जिम्मेदार कारक कौन से हैं ? आपकी राय में, इस सम्बन्ध में क्या सुधारक उपाय किए जा सकते हैं ?

23. Discuss the factors that account for rural-urban and rural-rural migration of workers in India. Should the ongoing trends to this effect be reversed ? Elaborate.

भारत में कर्मकारों के ग्रामीण-नगरीय और ग्रामीण-ग्रामीण प्रवसन के लिए कौन से कारक जिम्मेदार हैं ? इस सम्बन्ध में जारी प्रवृत्तियों को क्या उल्टी दिशा दे देनी चाहिये ? विस्तार से बताइये ।

24. Explain the structure of agricultural credit in India. Critically examine the institutional flow of credit to the agricultural sector in India.

भारत में कृषि ऋण के ढांचे को स्पष्ट करिए । भारत में कृषि क्षेत्र को ऋण के संस्थागत प्रवाह की आलोचनात्मक समीक्षा कीजिए ।

25. Discuss the implications of Multilateral Trade Agreements in agriculture for the farm economy of India.

भारत की कृषि अर्थव्यवस्था के लिए कृषि में बहुपक्षी व्यापार समझौतों के निहितार्थों की विवेचना कीजिए ।

**OR / अथवा**

## Elective-V

## विकल्प-V

21. Discuss the relevance of economic planning in India in the post-reform era.

भारत में, सुधार उत्तरोत्तर काल में आर्थिक नियोजन की प्रासंगिकता की विवेचना कीजिए ।

22. Discuss the trends of poverty in India during the post-reforms period. Is the existing poverty alleviation strategy effective ? Elaborate.

भारत में सुधारों के बाद के काल में निर्धनता की प्रवृत्तियों की विवेचना कीजिए । क्या मौजूदा निर्धनता उपशमन रणनीति प्रभावपूर्ण है ? विस्तार से स्पष्ट करिये ।

23. How has the process of globalization impacted the growth of industrial sector in India ? Elucidate.

भू-मंडलीकरण की प्रक्रिया ने भारत में औद्योगिक क्षेत्र की संवृद्धि को किस प्रकार प्रभावित किया है ? समझाकर स्पष्ट करिये ।

24. What is meant by women empowerment ? Discuss the significance of women empowerment in the context of a developing economy like India.

महिला सशक्तिकरण का क्या अर्थ है ? भारत जैसे विकासोन्मुख देश के सन्दर्भ में महिला सशक्तिकरण के महत्व की विवेचना कीजिए ।

25. Describe the major changes as have been brought about in Fiscal Policy in India in the post-reform period. Are these changes in the right direction ?

भारत में, सुधार-उत्तरोत्तर काल में, राजकोषीय नीति में लाये गए मुख्य परिवर्तनों का वर्णन कीजिए । क्या यह परिवर्तन सही दिशा में हैं ?

## SECTION-IV

## खण्ड-IV

**Note :** This part has one question of **forty (40)** marks to be answered in upto **1000** words.

**नोट :** इस खण्ड में **चालीस (40)** अंकों का एक प्रश्न है जिसका उत्तर **एक हजार (1000)** शब्दों में देना है । **(1 × 40 = 40 Marks)**

26. Explain the relationship between population, poverty and environmental degradation with special reference to India. What are the measures taken in India for environmental protection and preservation ? **(20, 20)**

भारत के विशेष सन्दर्भ में, जनसंख्या, निर्धनता और पर्यावरणीय निम्नीकरण के बीच सम्बन्ध की स्पष्ट व्याख्या कीजिए । भारत में पर्यावरण के संरक्षण और सुरक्षा के क्या उपाय किए गए हैं ?

**OR/अथवा**

Explain the Agreement on Agriculture (AOA) of WTO. How does it affect India's agricultural sector ? Do you find any opportunities available to Indian agriculture under the WTO regime ? **(10, 20, 10)**

WTO के एग्रीमेंट ऑन एग्रीकल्चर (AOA) की व्याख्या कीजिए । किस प्रकार यह भारत के कृषि क्षेत्र को प्रभावित करता है ? क्या आप समझते हैं कि WTO शासन के अंतर्गत भारतीय कृषि के लिए कोई अवसर उपलब्ध हैं ?

| FOR OFFICE USE ONLY | |
|---|---|
| Marks Obtained | |
| Question Number | Marks Obtained |
| 1 | |
| 2 | |
| 3 | |
| 4 | |
| 5 | |
| 6 | |
| 7 | |
| 8 | |
| 9 | |
| 10 | |
| 11 | |
| 12 | |
| 13 | |
| 14 | |
| 15 | |
| 16 | |
| 17 | |
| 18 | |
| 19 | |
| 20 | |
| 21 | |
| 22 | |
| 23 | |
| 24 | |
| 25 | |
| 26 | |

Total Marks Obtained (in words) ..........................................

(in figures) .........................................

Signature & Name of the Coordinator ..................................

(Evaluation) Date .........................